**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 29 जुलाई 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

जम्मू-कश्मीर में, श्रीनगर जिले के हरवान क्षेत्र के लिडवास जंगलो के ऊपरी इलाकों में कल एक भीषण मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। यह इलाका श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में है।
केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज संसद में बताया

************************************************************

आज अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्यारह नए बाघ अभयारण्य जोड़े गए हैं। श्री भूपेंद्र यादव ने कहा-

उन्होंने बताया कि भारत अंतर्राष्ट्रीय बाघ गठबंधन पर भी काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य 97 देशों में दुनिया की सात प्रमुख बाघ प्रजातियों का संरक्षण करना है।

************************************************************

हरियाणा सरकार, नीति आयोग के सहयोग से, महिला उद्यमिता मंच का 'हरियाणा स्टेट चैप्टर' शुरू करेगी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल अंबाला में तीज उत्सव को संबोधित करते हुए यह घोषणा की।
उन्होंने कहा कि इससे राज्य की महिला उद्यमियों को 700 से अधिक सलाहकारों के नेटवर्क से व्यक्तिगत मार्गदर्शन मिलेगा, क्षेत्र-विशेष का प्रशिक्षण मिलेगा और वित्त पोषण, बाजार तक पहुंच व इनक्यूबेशन के लिए सहायता मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई औद्योगिक और क्षेत्रीय नीतियों के तहत हरियाणा सरकार राज्य में महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा की महिलाओं को रोजगार देने वाली इकाइयों को अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान करेगी। इसके अलावा, राज्य की महिला उद्यमियों की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सार्वजनिक खरीद मानदंडों में छूट प्रदान करेगी।
इसके इलावा मुख्यमंत्री ने घोषणा की, कि हर विकास खंड में एक राशन डिपो स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को दिया जाएगा। इससे उन्हें रोजगार मिलेगा, गांवों की व्यवस्था में भी भागीदारी बढ़ेगी।

************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कल नई दिल्ली में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की।इस दौरान उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष भी उनके साथ थी।

प्रोफेसर घोष ने 21 जुलाई को हरियाणा के 19वें राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण की।

राज्यपाल प्रो. घोष ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु के साथ हरियाणा की वर्तमान स्थिति के बारे में कई मूल्यवान सुझाव साझा किए । राष्ट्रपति ने सामाजिक कल्याण, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने पर बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि वे राष्ट्रपति के मार्गदर्शन से बहुत प्रभावित हुए हैं। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राज्यपाल को जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए संविधान की एक प्रति भी भेंट की।

*************************************************************

हरियाणा के सहकारिता, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि डॉ विकास के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। ऐसे घृणित अपराध के लिए समाज में कोई स्थान नहीं है।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा कल सफीदों के गांव मुआना में डॉ विकास के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

डॉ अरविंद शर्मा ने डॉ विकास के पिता शिवकुमार शर्मा से कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्पष्ट निर्देश हैं कि अपराध में शामिल सभी दोषियों को किसी भी सूरत में सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस दुख की घड़ी में वो परिवार के साथ हैं।

गौरतलब है कि 24 जुलाई की रात को भाजपा नेता व पूर्व मण्डल अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा के चिकित्सक सुपुत्र डॉ विकास की धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई थी।

************************************************************

मौसम विभाग ने आज राजस्थान और हिमाचल प्रदेश सहित कुछ राज्यों में कहीं-कहीं मूसलाधार वर्षा का अनुमान व्यक्त किया है। दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब के कुछ हिस्सों में भी दिन भर मध्यम से तेज वर्षा होने की संभावना है।

आज सुबह भी हरियाणा और चंडीगढ़ में कुछ स्थानों पर बारिश हुई है और अभी भी बादल छाए हुए हैं।